# छठ लोकगीतों की मधुर धुनों के बीच अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य





- भगवान भास्कर की भक्ति में डूबा शहर
- हजारों श्रद्धालुओं ने की सुख-समृद्धि और आरोग्यता की कामना









**इंदौर.** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की अद्भुत छटा सोमवार शाम इंदौर में उस समय देखने को मिली, जब शहर के सैकड़ों घाटों पर बिहार और पूर्वांचल के हजारों श्रद्धालु अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने एक साथ एकत्रित हुए. पूरा वातावरण उस क्षण आस्था, संगीत और भक्ति से सराबोर था, जब कांच ही बांस के बहंगिया, उगे हे सूरज देव और स्वर्गीय लोकगायिका शारदा सिन्हा के अमर लोकगीतों की स्वर लहरियां घाटों पर गूंज रही थी.

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने जल में खड़े होकर भगवान सूर्य को नमन करते हुए परिवार, समाज और देश की सुख-समृद्धि, शांति और आरोग्यता की कामना की. 200 से अधिक छठ घाटों पर उमड़ा जनसैलाब एक अविस्मरणीय दृश्य प्रस्तुत कर रहा था, मानो पूरा बिहार और पूर्वांचल मालवांचल की धरती पर उतर आया हो. प्रमुख छठ स्थलों स्कीम नं. 54, अनुपम नगर, स्कीम नं. 78, तुलसी नगर, समर पार्क, पिपलियापाला तालाब, टिगरिया बादशाह, सूर्य मंदिर (कैट रोड), सुखलिया, देवास नाका, मेघदूत नगर, शंखेश्वर सिटी, सिलिकॉन सिटी, एरोड्रम रोड, ड्रीम सिटी, शिप्रा और वक्रतुंड नगर पर छठ व्रतियों की श्रद्धा देखने योग्य थी. महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजीं, सिर पर बांस की सूप और डलिया में प्रसाद लिए गीत गाती घाटों की ओर बढ़ती रहीं.

**कई स्थानों पर रात्रि में भजन संध्या का आयोजन :** पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान के अध्यक्ष ठाकुर जगदीश सिंह और महासचिव केके झा ने बताया कि जैसे ही शाम 5 बजकर 52 मिनट पर भगवान भास्कर अस्ताचल में समाने लगे, श्रद्धालुओं ने प्रसाद से भरी टोकरियां हाथों में उठाकर सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया. उस पल घाटों पर उपस्थित हर व्यक्ति की आंखों में भक्ति, आभार और अपनापन झलक रहा था. अनेक स्थानों पर रात्रि में भजन संध्याओं का आयोजन हुआ, जिनमें पारंपरिक छठ गीतों की मनोहारी प्रस्तुतियों ने वातावरण को और भी पवित्र बना दिया. छठ महोत्सव की इस भव्यता में शहर के जनप्रतिनिधि और नेता भी श्रद्धा से सहभागी बने.

**आज उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर संपन्न होगा महापर्व :** छठ पूजा का यह पावन पर्व मंगलवार सुबह 6 बजकर 29 मिनट पर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न होगा. अर्घ्य के उपरांत व्रतियों द्वारा ठेकुआ, केले और मौसमी फलों का प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा, जिससे यह पर्व पवित्रता, त्याग और सामूहिक सौहार्द का संदेश जन-जन तक पहुंचाएगा.

## 61 महिलाओं ने गोबर और मिट्टी से बेदी बनाकर की पूजा



पूर्वांचल महासंघ अन्नपूर्णा क्षेत्र की मेजबानी में अन्नपूर्णा तालाब पर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार, समाज, शहर और देश में सुख-शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की गई. तालाब पर व्रतधारी महिलाओं ने गोबर एवं मिट्टी से 61 बेदी बनाकर उनकी पूजा-अर्चना की और फलों का भोग भी समर्पित किया. व्रतधारी महिलाओं के साथ उनके परिजनों ने भी अन्नपूर्णा तालाब पर बनाए गए अस्थायी कुंडों में कमर तक पानी में खड़े रहकर सूर्य को अर्घ्य दिया. महासंघ के अध्यक्ष सुधाकर दुबे ने बताया कि डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के लिए तालाब पर रविवार को ही गंगा, यमुना, नर्मदा, सरस्वती एवं प्रमुख नदियों के नाम पर घाट का निर्माण कर लिया गया था. संध्या को 61 महिलाओं ने गाय के गोबर एवं मिट्टी से अपनी परम्परा के अनुरूप बेदी का निर्माण कर उसकी पूजा अर्चना के पश्चात सूर्य देवता को अस्तांचल स्थिति में अर्घ्य प्रदान किया. इस दौरान अनेक व्रतधारी महिलाओं ने अस्थायी कुंडों में कमर तक पानी में खड़े रहकर सूर्य देव की पूजा अर्चना कर सबके कल्याण की प्रार्थना की. उल्लेखनीय है कि अन्नपूर्णा क्षेत्र में सूर्यदेव नगर, वैशाली नगर, देवेन्द्र नगर, गायत्री नगर, बृज विहार, गोपुर, सत्यदेव नगर, स्कीम 71 सहित क्षेत्र में करीब 300 परिवार पूर्वांचल से आकर निवास कर रहे हैं.

## मुख्यमंत्री ने अर्घ्य देकर किया छठ पूजन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इंदौर में मन कामनेश्वर महादेव उद्यान में पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान द्वारा आयोजित छठ महोत्सव में शामिल हुए और सूर्य को अर्घ्य देकर पूजन किया. उन्होंने उपस्थित सभी माता-बहनों, नागरिकों के साथ ही प्रदेशवासियों को छठ पूजन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ पूजा सूर्य उपासना, परिवार के स्वास्थ्य और जीवन के दीर्घायु के संकल्प का प्रतीक है. त्रेता युग से भगवान श्रीराम की लम्बी आयु की कामना से यह छठ पूजा आरम्भ हुई. माताएं-बहनें अपनी आस्था एवं संस्कारों के साथ इस पर्व को मनाती हैं. हमारी मातृशक्ति अपने परिवार के कष्टों को दूर करने और सुख समृद्धि के लिए आनंद के साथ जीवन के कष्टों को सहन करते हुए यह व्रत रखती हैं. मैं इन माता-बहनों को नमन करता हूं. मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ पर्व सामाजिक एकता, आस्था और लोक परंपरा का अद्वितीय संगम है. छठ पर्व हमारी सांस्कृतिक विविधता और एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को और मजबूत करता है. आस्था, संयम और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है. सूर्य उपासना के साथ-साथ समाज में मातृशक्ति की भक्ति और शक्ति का भी प्रतीक है. इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री सिलावट महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, डॉ. निशांत खरे, सुमित मिश्रा, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस आयुक्त संतोष सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष ठा. जगदीश सिंह, छठ महोत्सव अध्यक्ष ठा. दीनानाथ सिंह, संस्थान के युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष कुं. अरविंद सिंह सहित संस्थान के अन्य पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में महिलाएं एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे.

एक नजर में

## राज्यपाल ने आर्जवसागर को भेंट की पिच्छिका



**इंदौर.** श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर उदयनगर में आचार्य आर्जवसागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में आयोजित पिच्छिका परिवर्तन समारोह के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत उपस्थित रहे. भानुकुमार जैन इंदौर ने बताया कि कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन इंजीनियर बहिन ऋषिका जैन द्वारा किया गया. इस अवसर पर राजस्थान, दिल्ली, तमिलनाडु, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक आदि विभिन्न प्रदेशों से हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए. आचार्य भगवन आर्जवसागर महाराज के पाद प्रक्षालन करने का महान सौभाग्य कर्नाटक के गवर्नर श्री गहलोत, पवन जैन प्रेमी, पार्षद आदि को प्राप्त हुआ. गवर्नर सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों के द्वारा आचार्यश्री रचित आध्यात्मिक प्रवचन एवं सदाचार सूक्ति काव्य का विमोचन भी किया गया. श्री गहलोत द्वारा आर्जव प्रभावना संघ भारत के अंतर्गत तीन अवार्ड भी प्रदान किए गए. श्री दिगंबर जैन धार्मिक एवं परमार्थिक ट्रस्ट एवं सकल दिगंबर जैन समाज उदय नगर द्वारा मुख्य अतिथि थावरचंद गहलोत सहित नगर के सांसद शंकर लालवानी, विधायक महेंद्र हार्डिया एवं पार्षद राजीव जैन तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों पंकज जैन, शरद जैन नागदा जंक्शन, पवन जैन प्रेमी डोंगरगांव, भोपाल के का स्वागत सम्मान किया गया. इसी दौरान कण्ठपाठ प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण भी किए गए. दिगम्बर जैन समाज उदयनगर के अध्यक्ष भरत जैन आदि ने आभार व्यक्त किया. आज ऐसे आचार्य श्री आर्जवसागर जी महाराज ससंघ का मंगल विहार उदय नगर से कनाडिया रोड जैन मंदिर की ओर हो गया.




## इंदौर जो भी करता, वह अनूठा व सबसे अलग होता है : सीएम

### डॉ. यादव ने सीवरेज डोर-टू-डोर एवं मोबाइल टेस्टिंग लैब 66 नवीन वाहनों का लोकार्पण किया

**इंदौर. इंदौर जो भी करता है वह अनूठा और अलग होता है. इंदौर के साथ-साथ उज्जैन, धार, देवास, शाजापुर और भोपाल का भी अब तेजी से विकास हो रहा है और आने वाले दिनों में भोपाल भी आष्टा तक आ जायेगा. इस तरह से एक नया मेट्रोपोलिटिन बनेगा, जिससे विकास को नयी गति मिलेगी.**

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही. मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को ब्रिलियंट कन्वेशन सेंटर में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-2 सीवरेज डोर-टू-डोर एवं मोबाइल टेस्टिंग लैब 66 नवीन वाहनों के लोकार्पण समारोह के साथ सामाजिक समरसता सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वाहनों की पूजा की और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की.

साथ ही स्पोर्ट्स काम्पलेक्स का भी शिलान्यास किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन नवीन वाहनों से अब घर-घर से कचरा उठाने में और आसानी होगी. अब इंदौर के साथ-साथ उज्जैन, धार, देवास, शाजापुर और भोपाल भी स्वच्छता के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सामाजिक समरसता सम्मेलन में बैरवा समाज से लेकर ब्राहमण समाज, वाल्मिकी समाज, खाती समाज, सिख समाज, राजपूत समाज, मराठी समाज, वैश्य समाज, जैन समाज आदि समाजों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए. इससे सामाजिक समरसता और बढ़ेगी.

बेहतर खेल सुविधा मिलेगी

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-2 में दो नए स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनने से यहां की जनता को बेहतर खेल सुविधा मिलेगी। नर्मदा का चौथा चरण शीघ्र शुरू होगा. कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, सुमित मिश्रा, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव सहित नगर निगम के सभी एमआईसी मेम्बर, पार्षद एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे.

## भक्ति के बीज बचपन में डालें, पचपन में नहीं : ऋषभदेव



**इंदौर. भक्ति किसी भी रूप में हो, उसका प्रतिफल अवश्य मिलता है. विडंबना है कि हमें वृद्धावस्था में ही भक्ति का जुनून चढ़ता है. यदि बाल्यकाल से ही भक्ति के संस्कार मिलें, तो वृद्धावस्था संवर जाएगी. भक्ति के बीज बचपन में डालें, पचपन की उम्र में नहीं. भक्ति में निष्काम भाव होना चाहिए. भक्ति में पाखंड या प्रदर्शन ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकते.**

यह उद्गार बालव्यास भागवताचार्य पं. ऋषभदेव महाराज बनारस वालों ने सुदामा नगर सेक्टर ए स्थित रामजी सदन, दत्त मंदिर के पास चल रहे संगीतमय भागवत ज्ञान यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं को भक्ति की महिमा बताते हुए व्यक्त किए. कथा शुभारम्भ के पूर्व अजय पांडे, श्रीमती मंजुला प्रशांत पांडे, विजय शर्मा, रेखा पूरे, श्रीमती प्रभा पांडे, श्रीमती सोना संजय, प्रिंस पांडे आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया. संयोजक मंजुला पांडे ने बताया कि पं. ऋषभदेव प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक कथामृत की वर्षा कर रहे हैं. सोमवार को परीक्षित मिलन एवं सती चरित्र प्रसंगों की व्याख्या की गई.

भजनों पर भक्तों के नाचने-गाने का क्रम पहले दिन से ही चल रहा है. बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए आ रहे हैं. मंगलवार को कृष्ण जन्मोत्सव, बुधवार को बाल लीला एवं गोवर्धन पूजन, गुरुवार को रुक्मणी विवाह तथा शुक्रवार को सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष के साथ कथा का समापन होगा. कथा प्रसंगानुसार विभिन्न उत्सव भी मनाए जाएंगे.


## कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता विशेष रूप से और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज सहित लगाया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" के बकाया और सभी लागतों, प्रभारों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां नहीं बेची जाएंगी।

| उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री गिरीश सोलंकी श्रीमती बबली सोलंकी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL972067) | प्लॉट संख्या 276, वार्ड संख्या 74, जोन संख्या 13, जीत नगर, तहसील और जिला इंदौर, मध्य प्रदेश, 452001, भारत में स्थित मकान सहित संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र, कारपेट क्षेत्र। संपत्ति का क्षेत्रफलः 720.00, 720.00, 111.00 | रु.1732089/- सत्रह लाख बत्तीस केवल एक हजार उनासी मात्र | 23-04-2025 | 23-10-2025- |
| श्री राजेश चौहान श्रीमती आशु चौहान (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10267333) | मकान संख्या 04, फोन 09, ग्राम हेबतपुरा, तहसील और जिला देवास, मध्य प्रदेश, भारत, 455001 संपत्ति का वह पूरा हिस्सा। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, संपत्ति क्षेत्रः 720.00, 612.00, 489.00 | रु.401942/- चार लाख एक हजार नौ सौ बयालीस मात्र | 28-04-2025 | 23-10-2025- |
| रत्नेश जी श्रीमती रेखा कुशवाह (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10401914) | फ्लैट संख्या 208, ब्लॉक अ12, तल संख्या 2, गिरनार परिसर, बड़ाभागगढ़ भुडानिया, इंदौर, मध्य प्रदेश-452006 संपत्ति का वह पूरा हिस्सा। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति प्रकारः बिक्री योग्य क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल संपत्ति क्षेत्रफलः 540.00, 376.00 | रु.197396/- एक लाख सत्तानवे हजार तीन सौ छियानवे मात्र | 16-05-2025 | 22-10-2025- |
| श्री कलीम पिंजारी श्रीमती परबीन पिंजारा (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10405632) | पटवारी हल्का संख्या 43, खसरा संख्या 212, मोहद, बुरहानपुर, मध्य प्रदेश-450331 वाली संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफलः 400 | रु.290326/- दो लाख नब्बे हजार तीन सौ छब्बीस मात्र | 28-04-2025 | 22-10-2025- |
| श्री लखनलाल यादव श्री बुद्ध यादव श्रीमती दानी यादव श्रीमती लक्ष्मी बाई डेयरी एवं दूध विक्रेता (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10420712) | भूमि खसरा संख्या 356/4 वाली संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा, जो उचेहरा, ग्राम सिंहवाड़ा, तहसील नौरजाबाद, उमरिया, मध्य प्रदेश, 484661 - भारत में स्थित है। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र, कालीनक्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफलः 3003.00, 1800.00, 1440.00 | रु.321019/- तीन लाख इक्कीस हजार उन्नीस मात्र | 18-07-2025 | 23-10-2025- |
| श्री राधू गोलकर, श्री. छीतरिया मिसेज माया गोलकर राधु ट्रांसपोर्ट (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10569227) | पटवारी हल्का संख्या-31 वाली संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा, मकान संख्या-211, वार्ड संख्या-14, खसरा संख्या 137, क्षेत्रफल 376 वर्ग फुट, ग्राम मोगरगांव, भगवानपुरा, खरगोन, मध्य प्रदेश 451441 - भारत में स्थित है। प्रवेश क्षेत्र (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफलः 376.00, 368.00, 290.00 | रु.341293/- तीन लाख इकतालीस हजार दो सौ तिरानवे मात्र | 28-04-2025 | 22-10-2025- |
| श्री करणसिंह श्रीमती कालीबाई (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10609519) | संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा जिसका P.H.N.20, सर्वेक्षण संख्या 844, मकान संख्या 08 है, शंकरगढ़, तराना, उज्जैन, मध्य प्रदेश, भारत, 456665 में स्थित है। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल क्षेत्रफलः 1350.00, 880.00, 1100.00 | रु.461643/- चार लाख इकसठ हजार छह सौ तैंतालीस मात्र | 08-04-2025 | 23-10-2025- |
| श्री गोपाल श्रीमती संगीता (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10658369) | फ्लैट संख्या 808, आठवीं मंजिल, ब्लॉक संख्या A-06, अमलतास (राजीव आवास योजना) में स्थित संपत्ति का पूरा हिस्सा, सर्वेक्षण संख्या 191, 229/2, 304, ग्राम लिंबोदी, तहसील एवं जिला इंदौर, मध्य प्रदेश, भारत, 452001 क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः बिक्री योग्य क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल संपत्ति क्षेत्रफलः 323.00, 323.00 | रु.202182/- दो लाख दो हजार एक सौ बयासी मात्र | 25-07-2025 | 23-10-2025- |
| श्री बंटी श्रीमती रेखा बाई बंटी डेयरी फार्म (प्रॉस्पेक्ट नं. Il10696965) | फोन नंबर 19, खसरा संख्या 316, बामंडी, कासरवाड़, खरगोन, मध्य प्रदेश, भारत, 451111 संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, कालीनक्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफलः 760.00, 750.00 | रु.364449/- तीन लाख चौसठ हजार चार सौ उनचास मात्र | 09-04-2025 | 23-10-2025- |
| श्री कमल सिंह सुश्री प्रीति किराना स्टोर और दूध (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10767831) | संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा जिसका नाम Phn-57, मकान संख्या 73, तहसील-तराना, जिला-उज्जैन, सर्वे संख्या 248, क्षेत्रफल 800वर्ग फुट, नाहरखेड़ी, मध्य प्रदेश- 456001 - भारत में स्थित है। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफलसंपत्ति क्षेत्रफलः 800.00, 623.00। | रु.350813/- तीन लाख पचास हजार आठ सौ तेरह मात्र | 20-03-2025 | 23-10-2025- |
| गिरिवर प्रसाद यादव जी श्री रामगरीब यादव स्व. माया यादव (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10786385) | आवासीय संपत्ति से संबंधित संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा, खसरा संख्या 125/480/2 पर, ग्राम छड़ाखुर्द, तहसील नौरोजाबाद, जिला उमरिया, मध्य प्रदेश, 484555, भारत में स्थित। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र, कालीनक्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफलः 4305.00, 1225.00, 513.00 | रु.702638/- सात लाख दो हजार छह सौ अड़तीस मात्र | 27-06-2025 | 23-10-2025- |

अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें: प्रथम तल, 29 निकास चौराहा, अंकपथ मार्क, नई सड़क उज्जैन (मध्य प्रदेश) - 456001/226 भूतल, एबी रोड, चामुंडा माता मंदिर के सामने, देवास - 455001/102/103, दर्शन मॉल, 15/2 रेसकोर्स रोड, इंदौर - 452001, मध्य प्रदेश या कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट संख्या 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा।

स्थानः इंदौर
दिनांकः 28-10-2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।


एक नजर में

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ इन्फैंट्री अधिकारी, पूर्व सैनिक (वेटरन) और अन्य रैंक के सैनिकों ने भाग लिया

# इन्फैंट्री डे समारोह में वीर शहीदों को किया याद, दी श्रद्धांजलि



**इंदौर/महू.** इन्फैंट्री स्कूल, महू में सोमवार 27 अक्टूबर को इन्फैंट्री डे समारोह आयोजित किया गया. यह दिन हमारे राष्ट्र के लिए ऐतिहासिक रूप से एक महत्वपूर्ण दिन है. आज से 78 वर्ष पूर्व, इसी दिन भारतीय सेना की सिख रेजिमेंट की पहली बटालियन श्रीनगर हवाई पट्टी पर उतरी थी और दृढ़ संकल्प के साथ कश्मीर को पाकिस्तानी कब्जे में जाने से बचाया था. इन्फैंट्री के इस वीरतापूर्ण कार्य की स्मृति में 27 अक्टूबर को इन्फैंट्री डे के रूप में मनाया जाता है.

इन्फैंट्री डे समारोह इन्फैंट्री स्कूल में इन्फैंट्री मेमोरियल पर पुष्पांजलि अर्पण के साथ प्रारंभ हुआ. इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल गजेन्द्र जोशी, एवीएसएम, एसएम, कमांडेंट, इन्फैंट्री स्कूल महू द्वारा वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई. इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ पूर्व सैनिक (वेटरन) और अन्य रैंक के सैनिकों ने भाग लिया और इन्फैंट्री के शहीद वीरों को याद करते हुए उनकी कुर्बानी को नमन किया. इस अवसर पर आगामी 9 नवम्बर को एक भव्य कार्यक्रम रनवीर 7.0 इन्फैंट्री डे मैराथन के रूप में भी आयोजित किया जाएगा, जो इन्फैंट्री स्कूल, महू में 'सैल्युटिंग ऑपरेशन सिंदूर' थीम के अंतर्गत आयोजित होगा.

### युद्ध की रानी भी कहा जाता है इन्फैंट्री शाखा को

भारतीय सेना की इन्फैंट्री शाखा विश्व की सबसे बड़ी शाखाओं में से एक है और इसे उचित रूप से मीन ऑफ बैटल यानी युद्ध की रानी कहा जाता है. इन्फैंट्री के सैनिकों ने सदैव भारतीय सेना की गौरवशाली परंपराओं का पालन करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है. इन्फैंट्री के जवान प्राकृतिक आपदाओं में मानवीय राहत कार्यों से लेकर संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशनों में भी अपनी जिम्मेदारी निभाते आए हैं, जिससे भारत की छवि एक जिम्मेदार और शांति-प्रिय राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित हुई है.